**दिनांक :12.07.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- रोज़गार मेले का युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में अहम योगदान, कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने।
- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 26वीं किश्त के रूप में 1 हजार 553 करोड़ रूपये से अधिक राशि अंतरित ।
- राज्य सरकार गरीब वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित कहा, मुख्यमंत्री ने।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी, अगले 24 घंटे राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।
-

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री–रोज़गार मेला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्होंने कहा कि .

निजी क्षेत्र में रोज़गार के नये अवसर जुटाने पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल के लिए सरकार ने लगभग एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और इससे साढ़े तीन करोड़ रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

**रोजगार मेला–जितेन्द्र सिंह**

केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि रोजगार मेला में 40 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारी रेल मंत्रालय में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पाने वाले सभी युवाओं को कर्मयोगी पोर्टल तक पहुंच भी मिलेगी, जिसका उद्देश्य केंद्रित प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों के माध्यम से कौशल को बढ़ाना है।

**लाड़ली बहना योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 26वीं किश्त के रूप में एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1 हजार 503 करोड़ 14 लाख रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरित की।

**निषादराज सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के 152 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गरीब वर्ग के समग्र कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन हमारे लिए उद्योग है, जिस प्रकार अन्य उद्योगों को हमारी सरकार लाभ दे रही है, वैसे ही मछुआ समाज के लोगों को भी लाभ प्रदान करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 453 स्मार्ट फिश पार्लर, भोपाल में अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और इंदिरा सागर जलाशय में मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमिपूजन किया ।

**अमित शाह–केरल**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना दक्षिणी राज्यों के विकास से ही साकार होगा। श्री शाह ने आज केरल के तिरुवनंतपुरम में भाजपा की वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सरकारी योजनाओं तक समान पहुँच और राजनीतिक हितों से परे विकास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं जो विकास के लिए आवश्यक है......

केंद्रीय गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से आतंकवाद को कड़ा जवाब देने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

**मुख्यमंत्री विदेश दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। यह दौरा मध्यप्रदेश की वैश्विक निवेश रणनीति में महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दुबई में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय रिटेल और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री स्पेन यात्रा के दौरान बार्सिलोना में स्पेन की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों और ग्रीन मोबिलिटी टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे निवेशकों के साथ महत्वपूर्ण संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पेन यात्रा का एक बड़ा फोकस पर्यटन और हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर भी रहेगा।

**संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र आगामी अक्टूबर में अपनी 80वीं वर्षगांठ मनाएगा। यूएन के स्मृति कार्यक्रमों के तहत भारतीय डाक विभाग द्वारा विदेश मंत्रालय के सहयोग से डाक टिकट डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 1 जुलाई से 15 अगस्त तक विभिन्न विद्यालयों और कॉलेज में डाक विभाग की ओर से आयोजित की जाएगी।

**सीएससी–डिजिटल 16 साल**

जन सेवा केन्द्रों का 16वां स्थापना दिवस 16 जुलाई को नई दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन केन्द्र में मनाया जाएगा। जन सेवा केन्द्र सरकार की डिजिटल भारत योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है। गृह मंत्री अमित शाह मुख्य कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में जन सेवा केन्द्रों के लिए भविष्य की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा, जो आमजन तक पहुंच, सेवा विस्तार और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार पर केंद्रित है।

## निरीक्षण

**सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज नरेला विधानसभा अंतर्गत निर्माणाधीन गोविंदपुरा शासकीय सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा**

के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और शासकीय सांदीपनि विद्यालय इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

**मौसम**

प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान सभी संभागों के जिलों में कहीं–कहीं बारिश हुई। संबसे अधिक बारिश श्योपुर जिले के ब्योहारी में 251 मिलीमीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के विदिशा, राजगढ़, गुना सहित अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।

## विद्युत उत्पादन

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की रानी अबंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी की 45-45 मेगावाट दोनों यूनिट से विद्युत उत्पादन पूर्ण क्षमता के साथ शुरु हो गया। बरगी में किसी बाहरी एजेंसी की सहायता के बिना ओवरहॉलिंग का कार्य विद्युत गृह के अभियंताओं व तकनीकी कार्मिकों द्वारा करके दोनों यूनिट को निर्धारित समय से पूर्व क्रियाशील कर दिया गया। इस कार्य को करने के लिए अंडर वाटर में जाकर उपकरण जांचे गए और दोनों यूनिट के पेनल बदले गए।

**एक बगिया मां के नाम**

एक बगिया मां के नाम" परियोजना अंतर्गत परियोजना अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा और डीपीएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज भोपाल में आयोजित किया गया। प्रदेश में स्व सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर "एक बगिया मां के नाम" शुरू की गई इस परियोजना के तहत प्रदेशभर में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री कुंवर डॉ. विजय शाह ने आज खालवा के विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम सुंदरदेव और सुहागी का दौरा किया।
- उमरिया जिले में बूथ लेबल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला, विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण 15 जुलाई को आयोजित किया गया है।
- धरती आबा अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें 9 हजार 412 हितग्राहियों को लाभान्वित
- स्टाप डायरिया केम्पेन सह दस्तक अभियान के लिए आज पुराना एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र बैतूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी की एलएचव्ही एवं एएनएम के लिये प्रशिक्षण आयोजित किया गया।